○ **Satish Chandra Memorial school**

हिन्दी

पाठ -2

भालू ने खेली फ़ुटबॉल

प्रश्न 1: शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल क्यों पकड़ी ?

उत्तर : शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल इसलिए पकड़ी ताकि वह ज़मीन पर न गिर पड़े |

प्रश्न 2 : शेर का बच्चा क्यों दहाड़ा ?

उत्तर : जब भालू ने शेर के बच्चे को फ़ुटबॉल समझकर अपने पैर से उछाल दिया तो हड़बड़ी में शेर के बच्चे ने दहाड़ लगाई |

प्रश्न 3: भालू साहब किस बात पर पछताए ?

उत्तर :भालू साहब इस बात को लेकर पछताए कि उन्होंने शेर के बच्चे को फ़ुटबॉल समझकर अपने पैरों से उछाल दिया था |

प्रश्न 4: भालू ने क्यों कहा -ओह किस आफ़त में आ फँसा?

उत्तर :ओह! किस आफ़त में आ फँसा ? यह भालू ने इसलिए कहा क्यों कि उसे शेर के बच्चे को बार -बार उछालना पड़ रहा था और वह बुरी तरह से थक गया था